बिहार लोक सेवा आयोग, पटना

<u>आवश्यक सूचना</u>

सहायक अंकेक्षण अधिकारी मुख्य (लिखित) प्रतियोगिता परीक्षा (वि०सं० 05/2021) के परीक्षार्थियों के लिए

<u>अत्यंत महत्वपूर्ण निदेश</u>

1. **प्रवेश पत्र पर अंकित "महत्वपूर्ण निर्देश" एवं उत्तर पुस्तिका के आवरण पृष्ठ पर अंकित "आवश्यक अनुदेश" का पूर्णतः पालन करें।**
2. परीक्षा कक्ष में उत्तर पुस्तिका प्राप्त होते ही यह आश्वस्त हो लें कि उत्तर पुस्तिका पर लगे पिन एवं सिलाई की स्थिति सही है, आवरण पृष्ठ सहित उत्तर पुस्तिका पर पृष्ठ संख्या क्रमवार अंकित है, उसके बाद ही उस उत्तर पुस्तिका पर लिखना प्रारम्भ करें।
3. उत्तर पुस्तिका के मात्र आवरण पृष्ठ पर (i) परीक्षा के नाम के लिए निर्धारित स्थान पर परीक्षा का नाम (ii) विषय लिखने के लिए निर्धारित स्थानों में प्रत्येक स्थान पर विषय का नाम (iii) परीक्षा की तिथि के लिए निर्धारित स्थान पर परीक्षा की तिथि (iv) परीक्षार्थी के नाम के लिए निर्धारित स्थान पर अपना नाम (v) अनुक्रमांक के लिए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक (अंकों एवं शब्दों में) लिखें।
4. एक प्रश्न के सभी खंडों का स्पष्ट उल्लेख करते हुए उनके प्रश्नोत्तर एक साथ ही लिखें, इसके बाद ही दूसरे प्रश्न का उत्तर लिखें।
5. उत्तर पुस्तिका के आवरण पृष्ठ पर निर्धारित स्थान पर उत्तरित प्रश्न की क्रम संख्या (Serial No. of Answered Question) के सामने पृष्ठ संख्या (जिस पृष्ठ पर आपने उक्त प्रश्न का उत्तर लिखा हो) अवश्य लिखें।
6. आवरण पृष्ठ पर विवरणी अंकित करने सहित सम्पूर्ण उत्तर पुस्तिका में प्रश्नोत्तर **एक ही स्याही, नीली अथवा काली रंग की स्याही** से लिखें। उत्तर पुस्तिका में कहीं काले रंग के स्याही का प्रयोग तो कहीं नीली रंग के स्याही का प्रयोग वर्जित है।
7. परीक्षार्थीयों के लिए साधारण कैलकुलेटर (Simple Calculator) अनुमत है। परीक्षा भवन में Calculator का आदान–प्रदान पूर्णतया वर्जित है।
8. **स्याही बदलने पर वीक्षक का हस्ताक्षर/अभिप्रमाणन अवश्य करा लें।** उत्तर पुस्तिका में इसके अतिरिक्त किसी भी अन्य रंग की स्याही का प्रयोग वर्जित है।
9. प्रश्नोत्तरों के मुख्य बिन्दुओं के रेखांकण में भी अन्य रंग की स्याही, हाईलाईटर, जेल पेन, स्केच पेन, ग्लिटर पेन, पेंसिल इत्यादि का प्रयोग वर्जित है।

<u>निम्न वर्णित कारणों से आपकी उत्तर पुस्तिका एवं उम्मीदवारी रद्द कर दी जायेगी</u>:–

(1) उत्तर पुस्तिका के आवरण पृष्ठ पर निर्धारित स्थान के अतिरिक्त कहीं भी किसी का नाम, अनुक्रमांक, मोबाईल संख्या, अवांछित अंकों/शब्दों को लिखना।

(2) उत्तर पुस्तिका के आवरण पृष्ठ पर परीक्षक/वीक्षक के हस्ताक्षर के लिए निर्धारित स्थान पर अपना नाम/हस्ताक्षर अंकित करना।

(3) पत्र लिखने से सम्बन्धित प्रश्नोत्तर में स्वयं का नाम/पता अंकित करना।

(4) उत्तर पुस्तिका में व्हाईटनर का प्रयोग करना।

(5) उत्तर पुस्तिका में किसी प्रकार का सम्बोधन शब्द; यथा Sorry, Thank You, सर को चरण स्पर्श, सर पास कर दीजिए इत्यादि लिखना।

(6) उत्तर पुस्तिका में करेंसी नोट रखना।

<u>निम्न वर्णित कारणों से आपकी उत्तर पुस्तिका/आपकी उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है:–</u>

(1) उत्तर पुस्तिका में किसी प्रकार का धार्मिक चिह्न बनाना, जैसे– ॐ, H, ☪, X, ✟, 786 इत्यादि

(2) उत्तर पुस्तिका में धार्मिक शब्द लिखना, जैसे – श्री गणेशाय नमः, जय जगदम्बा, जय महादेव, माँ, बाबा, जय माता दी, अल्लाह इत्यादि

(3) उत्तर पुस्तिका में स्लोगन लिखना, जैसे – जय हिन्द जय भारत, जय मिथिलांचल, जय जवान इत्यादि

(4) प्रश्नोत्तर समाप्त होने पर विशेष चिह्न का प्रयोग करना, जैसे– ***_***_***, ----xxx--- इत्यादि

(5) किसी प्रकार का पहचान चिह्न/संकेत चिह्न अंकित करना,

(6) प्रश्न संख्या को विशेष प्रकार से आकृति/घेरा बनाकर चिह्नित करना

28.10.22

परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना।